दैनिक भास्कर इंदौर, बुधवार. 26 नवंबर, 2014 8

साइबर सिक्युरिटी इनोवेटर का सम्मान आईजी कपूर को

गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी ने किया सम्मानित

भास्कर संवाददाता | इंदौर

पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर को गुजरात की गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (जीटीयू) द्वारा साइबर सिक्युरिटी इनोवेटर के रूप में सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही टेलीकॉम एक्यूपमेंट मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन ने भी उन्हें सम्मानित किया है।

अहमदाबाद में 21 और 22 नवंबर को हुई नेशनल वर्कशाप में उन्हें यह सम्मान दिया गया। अब तक प्रदेश के किसी भी अधिकारी को मिला यह पहला सम्मान है। आईजी कपूर ने बताया इस वर्कशाप में टेक्नोलॉजी से जुड़े इनोवेशन के लिए देशभर के विशेषज्ञों का सम्मान किया गया। इसमें साइबर सिक्युरिटी इनोवेशन के लिए उनके बनाए मॉडल को चुना गया। कार्यक्रम में जीटीयू के कुलपति डॉ. अक्षय अग्रवाल और इन्फोसिस के सह संस्थापक क्रिश गोपालकृष्णन सहित देश की कई बड़ी हस्तियां शामिल थीं। कार्यक्रम में डॉ. अग्रवाल ने उन्हें गुजरात में स्थापित होने वाले सायबर सिक्युरिटी सेंटर में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के रूप में शामिल होने का न्योता भी दिया।

चार चरण का है साइबर सिक्युरिटी का मॉडल

आईजी कपूर ने बताया समाज में बढ़ रहे साइबर क्राइम से निपटने के लिए उन्होंने चार चरण पुलिस ट्रेनिंग, जागरूकता, शिक्षा में शामिल करना और साइबर सिक्युरिटी सर्विसेस का मॉडल तैयार किया है, जिस पर लगातार कार्य चल रहा है।